हिन्दी कार्यशाला - प्रतिवेदन

विषय - राजभाषा कार्यान्वयन : टिप्पण एवं आलेखन

दिनांक 29 जून, 2026

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई के प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु **राजभाषा कार्यान्वयन : टिप्पण एवं आलेखन** विषय पर दिनांक 29 जून, 2026 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री राजीव लाल, संयुक्त निदेशक (प्रशासन)/ वरिष्ठ कुलसचिव, श्री अश्विनी गर्ग, मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा श्री सत्येंद्र कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे ।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)/ वरिष्ठ कुलसचिव महोदय ने अपने उद्बोधन में सभी से अपील किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करें । जब हम दिल से हिन्दी को अपनाएँगे तभी हिन्दी आगे बढ़ेगी एवं संस्थान में हिन्दी का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार होगा ।

इसके बाद संस्थान के संयुक्त निदेशक (राजभाषा) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रमानुसार सत्र को संचालित किया । उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम, धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले कागजात, हिन्दी पत्राचार, वेबसाईट द्विभाषीकरण आदि के संबंध में प्रतिभागियों को अवगत कराया और उनसे आग्रह किया कि राजभाषा विभाग द्वारा दिये गए लक्ष्य एवं राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्य करें। व्याख्यान के बाद प्रतिभागियों से विचार–विमर्श कर उनकी समस्याओं का निदान किया गया । कार्यशाला में कुल 21 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया ।

यह कार्यशाला अपने उद्देश्य में पूर्ण रूप से सार्थक रहा । अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यशाला समाप्त हुई ।